# भारत डायनामिक्स लिमिटेड


**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सी सी /06 दिनांक : 02 नवंबर, 2021

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**<u>बीडीएल द्वारा सरकार को अंतिम लाभांश का भुगतान किया गया।</u>**



भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) रक्षा सार्वजनिक उपक्रम, हैदराबाद ने भारत सरकार को वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए अपने अंतिम लाभांश की राशि रु.8.926 करोड़ का भुगतान किया।

कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीडीएल ने भारत सरकार को बीडीएल में सरकार के शेयरहोल्डिंग से संबंधित रु. 8.926 करोड़ के अंतिम लाभांश का चेक **माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह** को आज नई दिल्ली में प्रदान किया.

बीडीएल ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए रु.10/- के शेयर के प्रति रु. 0.65% शेयर का अंतिम लाभांश घोषित किया गया। कंपनी द्वारा घोषिय अंतिम लाभांश रु.183.28 करोड़ की शेयर पूँजी पर 6.5% है।

इससे पहले, इस वर्ष मार्च के दौरान वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए बीडीएल द्वारा भारत सरकार को बीडीएल में सरकार के शेयरहोल्डिंग के प्रति प्रत्येक शेयर के लिए रु. 6.70 के अंतरिम लाभांश अर्थात् कुल रु.92.008 करोड़ का भुगतान किया गया था। इससे वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए बीडीएल द्वारा भारत सरकार को रु. 100.934 करोड़ का अंतिम लाभांश प्रदत्त किया गया।

इस अवसर पर रक्षा मंत्रालय से श्री राज कुमार, सचिव, रक्षा उत्पादन विभाग और श्री एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त), बीडीएल और कमोडोर टी एन कौल (से.नि.), अधिशासी निदेशक (विपणन) बीडीएल उपस्थित रहे|